

ईडन गार्डन्स की पिच में कोई खराबी नहीं थी और भारतीय बल्लेबाज स्पिन लेती पिच पर खेलने के लिए तैयार नहीं थे।
- चेतेश्वर पुजारा

भारतीय खिलाड़ी, गंभीर के पिच वाले बयान पर पलटवार करते हुए।




आज का खिलाड़ी ▶ कार्लोस अल्काराज



विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज चोट के कारण इटली के बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप फाइनल के लिए स्पेन की टीम से हट गए हैं। रविवार को एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जैनिक सिनर से हारने के बाद अल्काराज को हैमस्ट्रिंग में हल्की चोट लगी थी, और हालांकि वह प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद से बोलोग्ना गए थे, लेकिन जांच के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सा सलाह है कि मैं प्रतियोगिता में भाग न लूँ।"

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम का एक और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड एम.एस. धोनी की कप्तानी में सभी आईसीसी टूर्नामेंट (टी-20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व कप) जीतने का है।

## बल्ले से स्टंप पर वार पड़ा महंगा, बाबर आजम पर आईसीसी का एक्शन, 10% मैच फीस कटी



नई दिल्ली, 18 नवंबर। आईसीसी ने रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने पर पाकिस्तानी स्टार बाबर आज़म पर जुर्माना लगाया है। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन के लिए उन पर मैच फीस का 10 जुर्माना लगाया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है और यह पूर्व पाकिस्तानी कप्तान का 24 महीनों में पहला अपराध है।बाबर आज़म पर तीसरे वनडे के दौरान आउट होने के बाद बल्ले से स्टंप्स पर गेंद मारने के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह घटना पाकिस्तान की बल्लेबाजी पारी के 21वें ओवर में हुई जब वे 212 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा कर रहे थे। जेफरी वेंडरसे ने बाबर आज़म को 34 रन पर आउट कर दिया और बाबर आज़म इस आउट से खुश नहीं थे। क्रीज छोड़ने से पहले, उन्होंने अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा और इसलिए, ने उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया।

# शुभमन गिल गुवाहाटी जायेंगे, लेकिन खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा

कोलकाता, 18 नवंबर। शुभमन गिल टीम के साथ गुवाहाटी जायेंगे, लेकिन दूसरे टेस्ट में उनका खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। यह टेस्ट 22 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें भारत श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। गर्दन में ऐंठन के कारण भर्ती होने के बाद रविवार रात कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से, गिल शहर के आईटीसी सोनार में टीम के साथ हैं। सूत्रों का कहना है कि भारतीय कप्तान, जिनकी गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी केवल तीन गेंदों तक ही सीमित रही, बुधवार (19 नवंबर) को टीम के साथ उड़ान भरने वाले हैं।

एक जानकार सूत्र ने क्रिकबज़ को बताया, "यही मूल योजना थी और अभी इसमें कोई बदलाव नहीं है - गिल यात्रा करेंगे।" "आखिरी समय में बदलाव को छोड़कर, उन्हें गुवाहाटी में ही रहना चाहिए।" सुझाव थे कि वह विशेषज्ञ की राय के लिए मुंबई जाएं, लेकिन वह योजना रद्द कर दी गई।



बीसीसीआई और स्थानीय डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। यह स्पष्ट है कि सभी संबंधित पक्ष चाहते हैं कि गिल टेस्ट खेलें, लेकिन वे उन्हें जल्दबाजी में वापस न लाने पर भी अड़े हैं। उनकी भागीदारी पर अंतिम फैसला मैच से एक दिन पहले लिया जाएगा। भारत ईडन गार्डन में पहला टेस्ट 30 रनों से हार गया था, क्योंकि दूसरी पारी में 124 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था। गिल महत्वपूर्ण दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे, क्योंकि वह अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।

### नीतीश रेड्डी टीम में शामिल

इस बीच, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने दाएं हाथ के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को कोलकाता बुलाया है। उन्होंने सोमवार देर रात टीम होटल में चेक-इन किया और बुधवार सुबह टीम के साथ गुवाहाटी के लिए उड़ान भरने वाले हैं।

नितीश भारत ए की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा होने के नाते राजकोट में थे, जो वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेल रही है। पता चला है कि सोमवार देर शाम उन्हें कोलकाता जाने के लिए कहा गया और वे तुरंत वहां पहुंच गए। नितीश मूल रूप से टेस्ट टीम का हिस्सा थे, लेकिन टेस्ट शुरू होने से पहले उन्हें टीम से निकाल दिया गया और राजकोट में सीमित ओवरों के मैच खेलने के लिए कहा गया। उन्होंने 13 और 16 नवंबर को खेले गए पहले दो मैचों में हिस्सा लिया, जिनमें भारत ने जीत हासिल की, लेकिन 19 नवंबर को होने वाले तीसरे मैच से पहले उन्हें वापस बुला लिया गया।



नितीश को भेजा गया एसओएस इस बात का संकेत है कि वह दूसरा टेस्ट खेलेंगे या नहीं, यह अभी भी अटकलें हैं, लेकिन भारतीय टीम के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी बहस चल रही है, जिसमें ईडन टेस्ट में छह बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। नितीश दाएं हाथ के हैं, जो उनके पक्ष में काम कर सकता है, हालाँकि टीम प्रबंधन की विशेषज्ञों की बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए आलोचना भी हुई है।

## भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाली महिला वनडे और टी-20 सीरीज स्थगित

ढाका, 18 नवंबर। बंगलादेश महिला टीम की भारत यात्रा को फ़िलहाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस सीरीज में दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाने थे। बीसीबी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बोर्ड को बीसीसीआई से एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि इस सफ़ेद गेंद की सीरीज अब किसी और समय आयोजित की जाएगी। इस स्थगन की कोई औपचारिक वजह नहीं बताई गई है। लेकिन माना जा रहा है कि भारत और बंगलादेश के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव इस फैसले की अहम वजह रही। यह सीरीज आईसीसी के फ़्यूचर टूर्स प्रोग्राम का हिस्सा थी और डब्ल्यूपीएल के अगले संस्करण से पहले भारत की आख़िरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज होती। यह मुक़ाबले कोलकाता और कटक में होने की उम्मीद थी। वनडे मुकाबले दोनों टीमों के लिए नई विमेंस वनडे चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत होती। इससे पहले इसी साल भारत पुरुष टीम टी20 और वनडे सीरीज को आगे बढ़ाकर सितंबर 2026 कर दिया गया था, जो मूल रूप से अगस्त 2025 में आयोजित होनी थी। उस समय बीसीसीआई ने कहा था कि यह फ़ैसला दोनों बोर्ड के बीच बातचीत के बाद लिया गया है ताकि दोनों टीमों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और शेड्यूलिंग को बेहतर तरीके से ध्यान में रखा जा सके। बीसीसीआई ने कहा था कि वह सितंबर 2026 में भारत का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। दौरे की नई तारीखें जल्द जारी की जाएंगी।

## वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन : हरमनप्रीत बनी अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर



जयपुर, 18 नवंबर। वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन 2025 का 10वां संस्करण इस वर्ष एक खास उपलब्धि के साथ आयोजित होने जा रहा है, जिसमें भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर अंतरराष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर की भूमिका निभाएंगी। वह 30 नवंबर, 2025 को जयपुर के महल रोड, एनआरआई चौराहा से इस मैराथन की औपचारिक फ्लैग-ऑफ समारोह में हिस्सा लेंगी। इस 10वें संस्करण में, वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन भारत के सबसे लोकप्रिय सामुदायिक फिटनेस आयोजनों में से एक के रूप में विकसित हो चुकी है। इस संस्करण में भारत और विदेश के 15,000 से अधिक धावक भाग लेंगे, जो सभी मिलकर वेदांता की प्रमुख मुहिम को आगे बढ़ाएंगे - जिसका उद्देश्य पोषण सुधार और स्वस्थ, समावेशी भविष्य का निर्माण करना है। हरमनप्रीत कौर की भागीदारी इस आयोजन में आकर्षण और उद्देश्य दोनों लेकर आएगी। भारत की सबसे प्रभावशाली खेल हस्तियों में से एक के रूप में उनकी उपस्थिति प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करेगी और फिटनेस, समानता तथा सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश और मजबूत करेगी। 'एनी बॉडी कैन रन' द्वारा आयोजित, वेदांता द्वारा समर्थित और फिनोवा कैपिटल द्वारा पॉवर्ड यह मैराथन सहनशक्ति, उद्देश्य और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनी हुई है। कौर की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष रूप से युवाओं को फिटनेस अपनाने और सामाजिक विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।



## 25वीं समर डेफ ओलंपिक : टोक्यो जापान में राजस्थान की बेटी ने नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया

नई दिल्ली, 18 नवंबर। 25वीं समर डेफोलम्पिक, 2025, जो कि टोक्यो जापान में आयोजित की जा रही 09 दिवसीय (दिनांक 15.11.2025 से 26.11.2025 तक) 10 मीटर एयर पिस्टल वूमन शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान की खिलाडी अनुया प्रसाद ने 241.1 के स्कोर के साथ नया विश्व रिकॉर्ड कायम कर, पूरे भारत देश का नाम विश्व में रोशन किया। राजस्थान की इस बेटी ने सभी दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जो कि उक्त खिलाड़ी के लिये बहुत ही सम्मानजनक क्षण है। इसी प्रतियोगिता में साथी भारतीय महिला खिलाड़ी प्रान्जली प्रशान्त धूमल ने 236.80 स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में ईरान देश की खिलाडी महला समी ने 215.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। उक्त खिलाड़ी अनुया प्रसाद जयपुर में स्थित ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर में अभ्यासरत है। जगतपुरा शूटिंग रेंज ने राज्य व देश को कई राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय एवं ओलम्पिक स्तर के उत्कृष्ठ खिलाड़ी दिये है। आगे भी राजस्थान राईफल एसोसिएशन का प्रयास रहेगा की आगामी प्रतियोगिताओं में भी राज्य व देश को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक दिलाकर राज्य व देश को गौरवान्वित करेंगे।

## यू.एस. पोलो एसन. जयपुर पोलो टीम का आधिकारिक परिधान साझेदार घोषित

जयपुर, 18 नवंबर। भारत की प्रतिष्ठित जयपुर पोलो टीम ने 2025-2026 पोलो सीजन के लिए यू.एस. पोलो एसन. को अपना आधिकारिक परिधान साझेदार नियुक्त किया है। इस साझेदारी के उपलक्ष्य में टीम ने नया अभियान 'स्ट्रॉन्गर टुगेदर' लॉन्च किया है, जो विरासत, उत्कृष्टता और एकता जैसे साझा मूल्यों को रेखांकित करता है। यह सहयोग दो संस्थानों-यू.एस. पोलो एसन. की शालीन शैली और जयपुर पोलो टीम की दृढ़ता व कौशल को एक मंच पर लाता है।

अभियान का मुख्य संदेश- एवरी गैलॉप। एवरी स्ट्राइक। एवरी हार्टबीट। टुगेदर, अनस्टॉपेबल। पोलो की मूल भावना को दर्शाता है, जहां टीमवर्क, विश्वास और रणनीति हर क्षण को परिभाषित करते हैं। यह दिखाता है कि कैसे यू.एस. पोलो एसन. के सदाबहार परिधान परंपरा और प्रदर्शन को मैदान के अंदर व बाहर सहजता से जोड़ते हैं। इस अभियान में प्रभावी कहानी कहने, फिल्में, अनुभवात्मक गतिविधियाँ और पूरे सीजन की सक्रियताएं शामिल होंगी। जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, कप्तान, जयपुर पोलो टीम ने कहा: मेरे लिए पोलो एक



जीवंत विरासत है जो मेरे परिवार के इतिहास को वर्तमान की ऊर्जा से जोड़ती है। यू.एस. पोलो एसन. के साथ हमारी साझेदारी परंपरा, जुनून और दृढ़ता जैसे साझा मूल्यों पर आधारित है। 'स्ट्रॉन्गर टुगेदर' के माध्यम से हम मैदान पर टीम की स्पिरिट और पीढ़ियों को जोड़ने वाले बंधनों का उत्सव मनाते हैं। मेरा विश्वास है कि यह सहयोग युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और पोलो की भावना को और सशक्त बनाएगा।



## प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे चिराग-सात्विक

सिडनी, 18 नवंबर। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राउंड ऑफ 32 के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की जोड़ी चांग को-ची और पो ली-वेई को 48 मिनट में 25-23, 21-16 से हराया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन लगातार चार अंक बनाकर वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। चांग को-ची और पो ली-वेई ने 9-7 के स्कोर पर फिर से बढ़त बना ली, लेकिन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने वापसी जारी रखी और स्कोर 9-9 और फिर 16-16 पर बराबरी पर आ गए। 19-19 के स्कोर पर मुकाबला कड़ा हो गया, जहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपना धैर्य दिखाया और तीन गेम पॉइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। चिराग-सात्विक ने 7-4 की बढ़त बनाई, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 10-8 से आगे हो गई।

## यश की शानदार गेंदबाजी से आर.डी. एकेडमी की एकतरफा जीत



जयपुर, 18 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज आर.डी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में यश वर्मा 3.1 ओवर 1 मेडन 2 रन और 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत आर.डी. क्रिकेट एकेडमी ने डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से शान 20 रन ही दहाई की संख्या को पार कर सके। शेष बल्लेबाज यश वर्मा 2 रन पर 4 विकेट हिमांक सैनी 17 रन पर 2 विकेट अनिल कुमार व विजेन्द्र कुमार प्रत्येक 1-1 विकेट की किफायती गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सके और डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 14.1 ओवर में 51 रन बनाकर सिमट गयी।

जवाबी पारी में आरडी क्रिकेट एकेडमी ने गर्भित व्यास 28 रन, अमन तिरूपाली 10 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य मात्र 9.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 55 रन बनाकर हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच यश वर्मा आर.डी. क्रिकेट एकेडमी रहे।

## राजस्थान की शीर्ष अमेच्योर गोल्फर ईति ने प्रोफेशनल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल कर रचा इतिहास



जयपुर, 18 नवंबर। राजस्थान की शीर्ष अमेच्योर गोल्फर ईति चौधरी ने नोएडा में आयोजित प्रोफेशनल क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल -1 अंडर स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया।ईति चौधरी ने दो दिन के राउंड में क्रमशः -2 और का स्कोर कार्ड खेला ,जिससे उन्होंने क्वालिफाइंग राउण्ड को नम्बर का1 स्थान के साथ पूरा किया। कनोरिया कॉलेज, मनोविज्ञान (ऑनर्स) की छात्रा ईति मात्र 5 वर्ष की उम्र से अपने पिता एवं गोल्फ कोच मगन डूडी के मार्गदर्शन में गोल्फ की बारीकियाँ सीख रही हैं। अमेच्योर नेशनल्स में भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया। ईति राजस्थान की पहली लड़की हैं, जिन्होंने इंडिया गर्ल्स एंड विमेंस ओवरऑल की रैंकिंग में रहते हुए पीआरओ क्वालिफाई किया है-यह उपलब्धि हर गोल्फर का सपना होती है। ईति की सफलता का श्रेय उनके कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को जाता है। वह प्रतिदिन 6-8 घंटे अभ्यास करते हुए अपनी पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखती हैं। गोल्फ के साथ-साथ ईति अपने स्कूल की कैप्टन और बास्केटबॉल की भी एक उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। इस मुकाम तक ईति को पहुँचाने में राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय अंशुमान सिंह के पुत्र और अंशुमान सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी अरुण प्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो स्वयं यूएसए में नियमित गोल्फ खेलते हैं। ईति चौधरी की इस सफलता में रामबाग गोल्फ क्लब और उनके पिता मगन डूडी का प्रेरणादायक और अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसने उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया।

# तीरंदाजी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल में कुल 744 खिलाड़ी खेलेंगे

### भरतपुर में 200 खिलाड़ी लगाएंगे बॉक्सिंग में पंच

### तीरंदाजी जगतपुरा में, बैडमिंटन व बास्केटबॉल एसएमएस स्टेडियम में होंगे

जयपुर, 18 नवंबर। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन राजस्थान के 07 संभागों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा एवं भरतपुर में 24 नवंबर से 5 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इन गेम्स में 24 खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें 23 पदक खेल एवं एक खेल खो-खो को प्रदर्शन खेल के तौर पर शामिल किया गया है। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् डा. नीरज के. पवन ने बताया कि तीरंदाज़ी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग व बास्केटबॉल में कुल 744 पुरूष व महिला खिलाडी भाग लेंगे। इन खेलों में से सर्वाधिक 200 खिलाडी बॉक्सिंग में पंच लगाते दिखाई देंगे।

उन्होंने बताया कि जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर में तीरंदाजी और सवाई मानसिंह स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन का आयोजन 24 से 28 नवंबर तक होगा, बॉक्सिंग का आयोजन भरतपुर में 1 से 5 दिसंबर तक, जबकि बास्केटबॉल का आयोजन सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम, जयपुर में 1 से 5 दिसंबर तक किया जाएगा। डा. नीरज के. पवन ने बताया कि तीरंदाजी स्पद्र्धा में रिकर्व और कंपाउंड दोनों तरह की इवेंट होंगी। रिकर्व में 80 महिला व 80 पुरूष खेलेंगे, वहीं इतने ही तीरंदाज कंपाउंड में भी निशाना साधेंगे। एक टीम में 4 खिलाडी खेलेंगे, जबकि शेष के टॉप 8 विष्वविद्यालयों के तीरंदाज इसमें पदक के लिये दावा पेश करेंगे। इसी प्रकार बैडमिंटन में 192 शटलर अपना भाग्य आजमाएंगे, जिसमें 16 पुरूष व 16 ही महिला वर्ग की टीम भाग लेंगी। इसमें केवल टीम स्पद्र्धा ही आयोजित होंगी। पुरूषों की प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि महिला वर्ग की प्रत्येक टीम में 5 खिलाड़ी होंगी।

उन्होंने बताया कि बास्केटबॉल में कुल 192 खिलाड़ी खेलेंगे। 8 पुरूष व 8 महिला टीमों में प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे। बॉक्सिंग में 200 मुक्केबाज पंच लगाएंगे। इसमें 104 पुरूष व 96 महिला मुक्केबाज खेलेंगी। पुरूषों में 46-48 किग्रा, 51-54 किग्रा, 54-57 किग्रा, 57-60 किग्रा, 60-63.5 किग्रा, 63.5-67 किग्रा, 67-71 किग्रा, 71-75 किग्रा, 75-80 किग्रा, 80-86 किग्रा, 86-92 किग्रा और 92 किग्रा से अधिक बॉक्सिंग इवेंट शामिल हैं। महिलाओं में 50-52 किग्रा, 52-54 किग्रा, 54-57 किग्रा, 57-60 किग्रा, 60-63 किग्रा, 63-66 किग्रा, 66-70 किग्रा, 70-75 किग्रा, 75-81 किग्रा और 81-81 से अधिक किग्रा की स्पद्र्धाएं शामिल हैं।

## कियाना ने कॉमनवेल्थ शतरंज में स्वर्ण जीता

उदयपुर, 18 नवम्बर। राजस्थान में उदयपुर की कियाना परिहार ने रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में सम्पन्न हुई कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियनशिप- 2025 में 10 वर्षीय आयुवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। कियाना ने ब्लिट्ज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुआलालम्पुर में आठ से 17 नवम्बर तक आयोजित इस 10 दिवसीय प्रतियोगिता में 30 देशों के 900 शतरंज खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो की प्रतिस्पर्धा में शिरकत की। कियाना के पिता जितेन्द्र परिहार ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि कियाना ने ब्लिट्ज खिताब के साथ ही क्लासिकल प्रारूप में कांस्य पदक भी जीता। इस उपलब्धि के साथ ही कियाना ने अब तक 10 अन्तरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। इससे पहले कियाना ने वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान के अल्माटी में आयोजित हुई वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप - 2025 में 10 वर्ष आयु वर्ग में कांस्य पदक जीता। साथ ही ग्रीस के रोड्स में आयोजित वर्ल्ड यूथ ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। इससे वह विश्व स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी बनी।

## राजस्थान ने अरुणाचल प्रदेश को 4-1 से हराया



जयपुर, 18 नवंबर। जुनियर बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता टियर 1 में जो कि आंध्रप्रदेश के अनंतपुरारम में आयोजित हो रही है। जिसमें आज दिनांक 18/11/2025 सायं 3:30 बजे राजस्थान का पहला मैच अरुणाचल प्रदेश के साथ खेला गया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की राजस्थान टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और मैच के 9 वे मिनट में ही राजस्थान टीम की ओर से जर्सी नंबर 6 साक्षी ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश ने मध्यांतर से पहले 45वे मिनट गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद राजस्थान टीम ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला करते हुए 56वे मिनट में आफरीन बानो ने गोल कर राजस्थान को बढ़त दिला कर स्कोर 2-1 कर दिया। और इसके बाद राजस्थान टीम ने आक्रमण ओर तेज कर दिए और मैच के 64 वे मिनिट में जर्सी नंबर 17 में खेल रही भानु प्रिया ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। इसके जवाब में अरुणाचल प्रदेश की टीम ने कई जवाबी हमले किए परन्तु राजस्थान टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उनके हमले नाकामयाब कर दिये। मैच के 72वे मिनट में भानु प्रिया ने राजस्थान टीम की ओर से एक और गोल कर दिया और इसके बाद मैच के अंतिम समय में 77 वे मिनिट में राजस्थान टीम की ओर से जर्सी नंबर 11 में खेल रही मंजू ने गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। राजस्थान टीम ने मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। राजस्थान की मंजू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# दिल्ली 296 रन पर सिमटी, पहली पारी में 274 रन से पिछड़ी





राजसमंद, 18 नवंबर। दिल्ली की तरफ तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक बनाये लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। दिल्ली की टीम राजस्थान के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में मंगलवार को 296 रन पर सिमट गयी और राजस्थान से पहली पारी में 274 रन के बड़े अंतर से पिछड़ गयी। राजस्थान ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 570 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की थी और अब उसका पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल करना तय हो गया है। दिल्ली की तरफ से अर्पित राणा ने 62, वैभव कांडपाल ने 62, प्रणव राजवंशी ने 57 और सिद्धांत शर्मा ने 46 रन बनाये। राजस्थान की तरफ से कुकना अजय सिंह और जयदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अनिकेत चौधरी और अशोक शर्मा को दो-दो विकेट मिले।



**अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी राजस्थान-पॉन्डिचेरी मैच ( तीसरे दिन राजस्थान मजबूत )**

जयपुर में जैपुरिया ग्राउंड पर खेले जा रहे राजस्थान पॉन्डिचेरी मैच के तीसरे दिन का खेल :- **राजस्थान के गेंदबाज नावेद खान ने टीम के लिए 35/4 विकेट लेकर 51 रन बनाये।**

पॉन्डिचेरी पहली पारी 314 आल आउट।राजस्थान पहली पारी 338 आल आउट। टीम के लिए कुशाग्र ओझा 66, जयवर्धन सिंह 48, ओसनिक ग्रोवर 30, आदित्य सैनी 49,नावेदखान 51, कविश घुणावत 24, जतिन 28रन।पॉन्डिचेरी के गेंदबाज सुरेंद्र बिश्नोई 51/5 व शिवा 32 /3 विकेट।पॉन्डिचेरी दूसरी पारी 137 आल आउट।तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान के गेंदबाजों ने पॉन्डिचेरी की दूसरी पारी मात्र 137 रनो के स्कोर पर समेट दी।राजस्थान के गेंदबाज नावेद खान 35/4, जतिन 27/3, हनी प्रताप, अभिषेक प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।

**राज्य सीनियर टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी**

**पहला मैच** टीम बी - टीम डी (टीम डी जीती), टीम बी पारी 95 आल आउट। टीम के लिए जयंत 32, भवानी 31 रन।टीम डी के गेंदबाज रामेश्वर ग्यारी 11/4, विश्वजीत सिंह 31/3 विकेट। टीम डी पारी 96/5, टीम के लिए पुनीत मिश्रा 38 , युवराज सिंह 25 रन।टीम बी के गेंदबाज दुष्यंत कच्छावा 16 / 2 व राजीव 40 / 2 विकेट। **दूसरा मैच** टीम सी - टीम ऐ (टीम ऐ जीती) ,टीम सी पारी 156/5,टीम के लिए मनेंद्र सिंह 86, राहुल तोमर 31 रन।टीम ऐ के गेंदबाज पुलकित गुप्ता 29/2 विकेट।टीम ऐ पारी 157 / 5, टीम के लिए समरजीत सिंह 49, पुखराज कुमार 41, सचिन शर्मा नाबाद 29 रन,टीम सी के गेंदबाज ऋतिक 33/2 विकेट।